दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 05 मार्च 2024

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## भयाकुल नस्ल के पावरफुल

हरिशंकर व्यास-

एक अंग्रेजी के अखबार ने देश के एक सौ सबसे पावरफुल लोगों की सूची जारी की है। यह सूची हर साल आती है और हर साल लगभग एक जैसे चेहरे होते हैं। उन्हीं की रैंकिंग में थोड़ा ऊपर नीचे होता है। इस रैंकिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष पर होते हैं और उसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ आदि के नाम शीर्ष 10 में होते हैं।

उसके बाद इस सूची में अन्य केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुख, मुख्यमंत्री, कांग्रेस के कुछ नेता, फिल्म अभिनेता, कारोबारी, बैंकर और खेल आदि से जुड़े लोग होते हैं।

नस्ल के इन कथित पावरफुल लोगों के चेहरे देखते हुए महाभारत की मूल कहानी में क्षेपक के तौर पर कही जाने वाली एक कहानी का ध्यान आता है। सबको पता है कि युद्ध शुरू होने से पहले भगवान कृष्ण ने बरबरी का सिर काट कर एक ऊंची जगह पर टांग दिया था, जहां से वह युद्ध देख रहा था। 18 दिन का युद्ध खत्म होने के बाद कृष्ण ने बरबरी से युद्ध के बारे में पूछा तो उसने कहा- भगवन मुझे तो दोनों तरफ से आप ही लड़ते दिख रहे थे।

उसी तरह का मामला इस सूची का भी है। सभी सौ लोगों में एक ही चेहरा दिखता है और वह चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। जैसे सौरमंडल में ऊर्जा का स्रोत सिर्फ सूर्य है और बाकी सारे ग्रह उसकी रोशनी से चमकते हैं वैसे ही देश में शक्ति का एकमात्र स्रोत नरेंद्र मोदी हैं और बाकी लोगों के पास आभासी ताकत है। सब उनकी शक्ति से ताकत पाते हैं। सोचें, जो दूसरे की रोशनी से चमकते हों या दूसरे की शक्ति से ताकत पाते हों उनको कैसे पावरफुल माना जाएगा? पर यह दिल्ली तख्त का स्थाई इतिहास सत्य है। अकबर के यहां मानसिंह, कथित नवरत्न आदि हुआ करते थे मगर वे असलियत में क्या गुलाम नहीं थे?

सो 2024 के पावरफुल चेहरों की सूची का भी लब्बोलुआब है कि एक से सौ तक नरेंद्र मोदी हैं। वैसे ही जैसे एक समय हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए कहा जाता था कि एक से 10 तक अमिताभ बच्चन हैं और नंबर दो की गिनती 11 से होती है। उसी तरह नंबर दो पावरफुल व्यक्ति 101वां व्यक्ति होगा। एक से सौ तक मोदी हैं या उनका सिस्टम है। तभी हैरानी की बात है कि उनके सिस्टम के जो असली पावरफुल लोग है उनका नाम ऐसी सूचियों में नहीं आता है।मीडिया के लोगों को सूची बनाते समय कम से कम मीडिया को नचाने वाले हीरेन जोशी का नाम तो एकदम शुरू में रखना चाहिए। आखिर वे ही रोज सुबह दिन भर चलने वाली सुर्खियां तय करते है।

## उद्योग संस्था ने कहा, प्ले स्टोर पर ज्यादातर ऐप्स की वापसी होनी बाकी




**नई दिल्ली ।** इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने कहा कि गूगल ने प्ले स्टोर से हटाए गए ज्यादातर ऐप्स की फिर से वापसी नहीं की है।

एसोसिएशन ने इस पर चिंता जताई। एसोसिएशन का कहना है कि वह ऐसे कठोर कदमों को अनुचित और अनुपातहीन मानता है, भले ही कानूनी प्रक्रियाएं अभी भी जारी हैं।

गूगल ने मैट्रिमोनी और शादी डॉट कॉम समेत प्रमुख भारतीय डिजिटल कंपनियों के 12 से अधिक ऐप्स को प्ले स्टोर से डीलिस्टेड कर दिया था। गूगल ने 10 डेवलपर्स के खिलाफ यह कार्रवाई तब की, जब उन्होंने अन्य ऐप स्टोर की भुगतान नीतियों का पालन करने के बावजूद इसकी भुगतान नीति का पालन करने से इनकार कर दिया।

गूगल ने प्ले स्टोर से स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ऑल्ट, स्टेज और अहा; डेटिंग ऐप ट्रूली मैडली और क्वैक क्वैक; ऑडियो कंटेंट प्लेटफॉर्म कुकू एफएम; सोशल नेटवर्किंग ऐप एफआरएनडी जैसे ऐप्स को हटा दिया था।

रिपोर्ट के अनुसार, आलोचना का सामना करने के बाद टेक दिग्गज ने कुछ ऐप्स जैसे शादी.कॉम, इंफो एज की नौकरी डॉट कॉम, 99एकड़ और नौकरी गल्फ और अन्य को बहाल कर दिया है, लेकिन कई अन्य अभी भी डिलिस्टेड हैं।

उद्योग संस्था ने कहा, ऐसे उपाय गूगल द्वारा अन्य देशों में अपनाई जाने वाली पद्धति के विपरीत और भेदभावपूर्ण हैं। उन देशों में उसने ऐप्स डेवलपर्स के साथ नरम रुख अपनाया है।

उद्योग संस्था ने आगे कहा, यह कहने की जरूरत नहीं कि भारतीय तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने और अनुकूल शर्तें प्रदान करने की जरूरत है, जो भारतीय बाजार की गतिशीलता के अनुरूप हों और देश में एक खुले इंटरनेट पारिस्थितिकी तंत्र की वृद्धि और विकास का समर्थन करें।

केंद्रीय आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा था, उन्होंने गूगल को अगले सप्ताह एक बैठक के लिए बुलाया है।

उन्होंने कहा था, मुझे उम्मीद है कि गूगल अपने दृष्टिकोण में उचित होगा। हमारे पास एक बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और उनके हितों की रक्षा करना महत्वपूर्ण है। हम अपने स्टार्टअप इकोसिस्टम की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। मुझे भरोसा है कि गूगल इस मामले पर उचित तरीके से विचार करेगा।

आईएएमएआई ने सरकार की सक्रिय प्रतिक्रिया और समस्या को हल करने में मदद करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। साथ ही आईएएमएआई ने फिर से गूगल से ऐप्स बहाल करने और उन्हें प्ले स्टोर पर फिर से सूचीबद्ध करने का आग्रह किया।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीदा 53.7 लाख टन धान



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन सीजन 2023-24 में करीब 53.79 लाख टन धान खरीदा है। इसके लिए किसानों को 11,745 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। हालांकि, सरकार का लक्ष्य 70 लाख धान खरीदने का था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1 अक्टूबर 2023 को धान की खरीद शुरू हुई। इसके लिए सरकार ने सामान्य धान के लिए 2,183 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2,203 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया था। हालांकि, राज्य सरकार 70 लाख टन खरीद के अपने लक्ष्य को पूरा करने में विफल रही, क्योंकि कथित तौर पर किसानों ने सीधे खुले बाजार में धान बेचा।


एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, पश्चिमी यूपी से खरीद 1 अक्टूबर को शुरू हुई। जबकि लखनऊ और अयोध्या मंडलों के लिए 20 अक्टूबर को और पूर्वी मंडलों के लिए 1 नवंबर को धान की खरीददारी शुरू हुई। 5,207 केंद्रों पर 8,01,624 किसानों से धान खरीदा गया।

लखनऊ मंडल ने 7.52 लाख टन से अधिक के साथ सबसे अधिक खरीद की सूचना दी। वहीं बरेली मंडल 6.49 लाख टन के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि वाराणसी मंडल 6.18 लाख टन से अधिक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

## एयर इंडिया, इटली की आईटीए ने इजरायल के लिए उड़ानें फिर से की शुरू

यरुशलेम ,04 मार्च। एयर इंडिया और इटली की इटालिया ट्रैस्पोर्टो एरियो (आईटीए) ने इजरायल के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं है। एयर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि एयर इंडिया ने दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे के बीच मार्ग पर अपनी उड़ानें आंशिक रूप से फिर से शुरू कर दीं। इसके अलावा, इटालियन एयरलाइन ने रोम के फिमिसिनो हवाई अड्डे और तेल अवीव के बीच तीन साप्ताहिक उड़ानों के साथ इजरायल में अपना परिचालन फिर से शुरू किया। आईटीए ने एक बयान में बताया कि इतालवी और इजरायली अधिकारियों के सहयोग से ही तेल अवीव तथा रोम के बीच उड़ानें फिर से शुरू कर सके।हाल ही में, तीन अन्य प्रमुख एयरलाइंस, ब्रिटिश एयरवेज, स्पेन की इबेरिया और डच एयरलाइन केएलएम ने एक अप्रैल को इजरायल के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा की है।

## ईवी के विकास के साथ कई प्रमुख खनिजों की मांग बढ़ेगी



**सोल ।** इलेक्ट्रिक कार और पवन ऊर्जा उद्योगों में विस्तार के चलते दक्षिण कोरिया में प्रमुख खनिजों की मांग 2021 से 2040 तक 19 गुना बढऩे की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

कोरिया एनर्जी इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट (केईईआई) की रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक कार बैटरी के लिए आवश्यक लिथियम, निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट की मांग 2040 तक क्रमश: 15 गुना, 12 गुना, 19 गुना और 4 गुना बढ़ जाएगी।

इलेक्ट्रिक कार मोटरों के लिए आवश्यक नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग 10 गुना बढ़ जाएगी। इसी अवधि में दक्षिण कोरिया में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 11 गुना बढऩे की उम्मीद है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पवन ऊर्जा सुविधाएं 2022 से 2040 तक आठ गुना बढ़ जाएंगी, जिससे इन सामग्रियों की मांग बढ़ेगी, जैसे कि नियोडिमियम, प्रेजोडायमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग क्रमश: 2.6 गुना, 3.1 गुना, 21.6 गुना और 2.7 गुना बढऩे की संभावना है।

केईईआई ने कहा कि दक्षिण कोरिया को इलेक्ट्रिक वाहन और सेकेंड्री बैटरी उद्योगों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपनी प्रमुख खनिज आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव लाने के लिए काम करना चाहिए।

केईईआई के अनुसार, 2022 तक, दक्षिण कोरिया ने चीन से अधिकांश निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट आपूर्ति का आयात किया था।

## न्यूजीलैंड की हार के बाद भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर पहुंचा




**नई दिल्ली ।** दो बार का फाइनलिस्ट भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है, क्योंकि वेलिंगटन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर खिसक गया है।

वेलिंगटन टेस्ट शुरू होने से पहले, न्यूजीलैंड चार मैचों में 36 अंकों और 75 के अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर था।

लेकिन, 172 रन की भारी हार के बाद, 2021 डब्ल्यूटीसी चैंपियन ने अपना शीर्ष स्थान खो दिया और 60 के अंक प्रतिशत के साथ नंबर दो स्थान पर खिसक गया।

भारत, जो 8 मैचों में 62 अंकों के साथ नंबर दो पर था, अब 64.58 के मजबूत अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर आ गया है।

ऑस्ट्रेलिया वेलिंगटन में जीत के साथ 12 महत्वपूर्ण अंक हासिल करके तीसरे स्थान पर बना हुआ है, जिससे उसके अंकों की संख्या 66 से बढक़र 78 हो गई है। उसका अंक प्रतिशत भी 55 से बढक़र अब 59.09 हो गया है।

यदि मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट जीतता है तो उसके पास न्यूजीलैंड को पछाडक़र दूसरे स्थान पर पहुंचने का अवसर है।

दोनों टीमें अगली बार क्राइस्टचर्च में अंतिम टेस्ट में भिड़ेंगी, जो 8 मार्च से शुरू होगा।

अगर इंग्लैंड 7 मार्च से शुरू होने वाले धर्मशाला टेस्ट में भारत को हरा देता है तो ऑस्ट्रेलिया भी शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है।

## पैट कमिंस बने सनराइजर्स हैदराबाद के नए कप्तान, एसआरएच ने आईपीए से पहले किया बड़ा ऐलान




**मुंबई ।** आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने आज आगामी आईपीएल 2024 के लिए अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। टीम ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस को अपना नया कप्तान चुना है। पैट कमिंस कप्तानी के मामले में एडन मारक्रम को रिप्लेस करेंगे जिन्होंने पिछले सीजन एसआरएच की कमान संभाली थी। उनकी अगुवाई में हैदराबाद का परफॉर्मेंस बेहद खराब रहा था, टीम 14 में से 10 मैच हारकर पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे 10वें पायदान पर रही थी। टीम का परफॉर्मेंस सुधारने के लिए हैदराबाद टीम मैनेजमेंट ने यह फैसला लिया है।

पैट कमिंस पर सनराइजर्स हैदराबाद ने नीलामी में बहुत पैसा खर्च किया था। इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पर एसआरएच ने 20.50 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। ऐसे में उनका कप्तान बनना स्वभाविक था। पैट कमिंस के लिए क्रिकेट की दुनिया में पिछले 9 महीने बेमिसाल रहे हैं। उनकी अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था, वहीं टीम एशेज रिटेन करने में भी कामयाब रही थी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया 2023 में भारत में हुए वर्ल्ड कप को भी जीतने में सफल रही थी।

कमिंस को पिछले साल आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने जाने के साथ-साथ आईसीसी टेस्ट टीम का कप्तान भी नियुक्त किया गया था। उम्मीद है पैट कमिंस की अगुवाई में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन इस साल सुधरेगा। बता दें, टीम ने अपना आखिरी खिताब 2016 में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान डेविड वॉर्नर की अगुवाई में जीता था।

## अनुपम खेर की विजय 69 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक

### ❒ पहला पोस्टर जारी



अनुपम खेर अपनी अगली फिल्म विजय 69 से लंबे समय से चर्चा में हैं. इस फिल्म का एलान मई 2023 में किया था. वहीं, नवंबर 2023 में एक्टर ने फिल्म की शूटिंग पूरी की थी. विजय 69 की शूटिंग पूरी करने के बाद एक्टर ने फैंस को बताया था कि उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म विजय 69 की शूटिंग खत्म कर दी है. इसके बाद से अनुपम खेर के फैंस उनकी लीग से हटकर इस फिल्म की रिलीज का इंतजार है. अब अनुपम ने बता दिया है उनकी फिल्म जल्द रिलीज होने जा रही है.

एक्टर अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है. इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म से नया पोस्टर भी शेयर किया है. इस पोस्टर को शेयर कर एक्टर ने लिखा है, अनाउंसमेंट, विजय रास्ते में आने वाली सभी कठिनाईयों को दूर कर रेस जीतने की कोशिश में है, विजय 69 जल्द नेटफ्लिक्स पर आ रही है, जय हो.

बता दें, इस फिल्म को यशराज बैनर ने बनाया है. इस फिल्म का निर्देशन अक्षय रॉय ने किया है और मनीष शर्मा इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं. फिल्म का एलान कर एक्टर ने कैप्शन में लिखा था, एक और फन फिल्म आ रही है, स्पेशल राइड, यशराज एंटरटेनमेंट को अपनी तीसरी फिल्म विजय 69 का एलान कर बहुत खुशी हो रही है, यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी, यह फिल्म उस बूढ़े आदमी पर बेस्ड है, जो 69 साल की उम्र में ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का फैसला करता है.

## विश्वक सेन की फिल्म गामी का ट्रेलर जारी



मास का दस विश्वक सेन की महत्वाकांक्षी परियोजना गामी अपनी दिलचस्प सामग्री के साथ सही शोर मचा रही है जो दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा करती है। टीम ने आज प्रसाद में पीसीएक्स स्क्रीन पर गामी के शोरील ट्रेलर का अनावरण किया। ट्रेलर फिल्म के भव्य पैमाने को दर्शाता है, और इस प्रकार निर्माताओं ने दृश्यों को पूरी महिमा में प्रदर्शित करने के लिए बड़ी स्क्रीन को चुना। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने ट्रेलर का अनावरण किया जो पीसीएक्स प्रारूप में प्रदर्शित होने वाला पहला ट्रेलर है।

गामी का ट्रेलर विश्वक सेन के साथ शुरू होता है जो खुद से सवाल करता है, 'चाहे मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मुझे याद नहीं आता कि मैं कौन हूं, कहां से आया हूं और मुझे यह समस्या कितने समय से है' उसे कुछ अघोरों द्वारा बचाया जाता है, लेकिन वे उनसे उनकी भलाई के लिए जगह छोडऩे के लिए कहते हैं।

## साथ-साथ चलते हैं स्ट्रेस और मोटापा



क्या आप जानते हैं कि आप जितना ज्यादा स्ट्रेस लेते हैं, मोटापा भी उतना ही बढ़ता है. दरअसल, स्ट्रेस और मोटापा एक तरह से लाइफस्टाइल डिसऑर्डर और एक-दूसरे से कनेक्टेड हैं. बिजी लाइफस्टाइल में आजकल जितना तेजी से स्ट्रेस बढ़ रहा है, मोटापा भी उतनी ही तेजी से आ रहा है. कई रिसर्च में भी यह बात साबित हुआ है. ऐसे में आइए जानते हैं स्ट्रेस और मोटापे में क्या कनेक्शन है और इससे क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं...

**तनाव से मोटापे का खतरा, कैसे-** नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में बताया गया है कि मोटापा तनाव का कारण बनता है और तनाव मोटापे की. तनाव यानी स्ट्रेस कॉग्निटिव प्रोसेस जैसे सेल्फ रेगुलेशन प्रभावित करने का काम कर सकता है. इसकी वजह से कैलोरी, फैट और शुगर जैसे फूड्स की क्रेविंग बढ़ती है, जिससे शरीर सामान्य तरीके से काम नहीं कर पाता है. स्ट्रेस होने पर लेप्टिन और ग्रेलिन जैसे हार्मोन का उत्पादन बढ़ जाता है, जो भूख बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं. ऐसे में बस खाने का मन करता है और ज्यादा खा लिया जाता है. इस ओवरईटिंग की वजह से मोटापा तेजी से बढ़ता है. ज्यादा समय तक स्ट्रेस में रहने से फिजिकल एक्टिविटीज भी कम होती है और बॉडी में फैट स्टोर हो जाता है. इससे नींद में भी कमी आती है, जो मोटापा बढ़ाने का कारण है.

**स्ट्रेस लेने पर बढ़ती हैं अनहेल्दी हैबिट्स्-** 1. स्ट्रेस में बॉडी में कॉर्टिसोल का लेवल बढ़ जाता है. जिसकी वजह से अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग बढ़ती है. ऐसे में इमोशनल ईटिंग होती है, जिससे वजन बढ़ सकता है.

2. जब भी हम तनाव में होते हैं तो असंतुलित चीजें खाने लगते हैं. ऐसे ही तनाव में खाना न खाने की आदत भी डेवलप होती है, इससे अचानक से भूख बढ़ती है और ज्यादा खा लेते हैं.

3. स्ट्रेस में रहने पर नींद प्रभावित होती है. सही तरह नींद पूरी न हो पाने के कारण बॉडी हार्मोंस असंतुलित होने का डर रहता है, जिससे कई हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 353

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 352 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 353

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.352 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। पूराना निवेश आज आपके बहुत काम सकता है। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें।

***वृष-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यो की तरफ रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। साथ ही जो विद्यार्थी विदेश में शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन फेवरेबल है।

***मिथुन-*** आज आपको थोड़ा मानसिक तनाव हो सकता है। आप अपने भविष्य को लेकिर चिंतित रहेंगे। आपका अपने रोज के कामों में भी मन नहीं लगेगा। आप थोड़े सुस्त हो सकते हैं। संतान के साथ कुछ विवाद होने की संभावना बन रही है।

***कर्क-*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे हो सकते हैं। संतान पक्ष से आज आपको खुशखबरी मिल सकती है। जिससे अपका मन खुश हो जाएगा।

***सिंह-*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं। हालांकि आपकी आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। आपको किसी काम से एक्स्ट्रा भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है।

***कन्या-*** आज आपका दिन फेबरेबल रहेगा। रूके हुए कामों में आपको किसी मित्र की मदद मिलेगी। आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। आपके पास कुछ नई जिम्मेदारियां आएंगी, जिन्हें पूरा करने में आप सफल होंगे।

***तुला-*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। कारोबारियों को बड़ा फायदा होने के असार हैं। आपकी समझदारी आपको हर प्रकार की मुसीबतों से दूर रखने में सहायता कर सकती है।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपके घर में खुशी का माहौल बनेगा। साथ ही रिश्तेदारों का घर पर आना-जाना लगा रहेगा। आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

***धनु-*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बाहर जाते समय रास्ते में किसी करीबी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे।

***मकर-*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपके तरक्की में थोड़ी रूकावटें आ सकती है। इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। साथ ही आप उनके साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

***कुंभ-*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपनी काबिलियत से काम को सरलता पूर्वक पूरा कर लेंगे। धन लाभ में काफी इजाफा होगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा।

***मीन-*** आज आप अपनी ऊर्जा अच्छे कामों में लगा सकते हैं। सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिल सकता है। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। लेकिन छात्रों के लिए समय थोडा अनुकूल रहेगा।